हिंदी विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया पुरस्कारों का वितरण

वर्धा दि. 20 फरवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में पिछले 2 फरवरी से आयोजित खेल

प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के हाथों किया गया। नागार्जुन सराय में शुक्रवार

को आयोजित समारोह में विभिन्न खेलों में विजेता, उपविजेता और अन्य श्रेणियों के पुरस्कार वितरित किए गये।

समारोह में शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार कौल, खेल समिति के प्रभारी डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर राकेश मिश्र ने

किया।

पुरस्कारों में सौ मीटर दौड़ में कंचन कुमारी, नेहा बलवीर, सविता कोल्हे को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार

दिया गया। भाला फेंक में रंजिता कोडापे, जयंती जयंती और प्रीति दुबे को, डिस्क थ्रो में रंजिता कोडापे, जयंती हंसदा और कंचन कुमारी को, गोला फेंक में रंजीतो कोडापे, कंचन और नेहा बलवीर को, लॉग जंम्प में नेहा बलवीर, कंचन कुमारी, ममता देवी को टेबल टेनिस में प्रीति दुबे, नेहा बलवीर और चंचल कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। शतरंज में पूजा बंजारे को प्रथम और मधुप्रिया को द्वितीय पुरस्कार मिला। बैडमिंटन में प्रीति दुबे, रंजिता कोडापे, नेहा बलबीर को पुरस्कृत किया गया। वॉली बॉल में टाइगर टीम को विजेता तथा ओजस्वी टीम को उपविजेता का पुरस्कार मिला। क्रिकेट में ओजस्वी विजेता तथा टाइगर उपविजेता रही। योग में भारतीय देवी, रेखा तिवारी और नेहा बलवीर विजेता रही। छात्रों में सौ मीटर दौड़ में दयाशंकर, शिवबाबू, दो सौ मीटर दौड़ में दयाशंकर आशीष कुमार तथा अमित कुमार, चार सौ मीटर दौड़ में आशीष कुमार, अमित कुमार और मनीष मिश्र, भाला फेंक में मनीष मिश्र, संघर्ष मिश्र और फैला, डिस्क थ्रो में मनीष मिश्र, निखील समर्थ, जैनेंद्र कुमार, गोला फेंक में मनीष मिश्र, संजीव झा, दयाशंकर मिश्र, लंबी कूद में दयाशंकर मिश्र, ब्रजेश कुमार चौहान, अमित कुमार,टेबल टेनिस में आशीष कुमार, आशीष नारायण झा, योग में अमित कुमार, रितेश पटेल, पंकज कुमार सिंह, शतरंज में श्याम प्रकाश, अरूण कुमार पांडे, ऋषिकेश, बैडमिंटन में इम्तियाज अंसारी, राकेश राय,जैनेंद्रकुमार को पुरस्कृत किया गया।

वॉलीबॉल में संजीव झा के नेतृत्व में टाइगर टाइटेनिक विजेता रही वहीं आर्म्स क्लब ने तुफान सिंह पारधी ने उपविजेता का पुरस्कार हासिल किया। क्रिकेट में राकेश मिश्र के नेतृत्व में समाज कार्य एकादश ने विजेता की तथा पंकज पाटील के नेतृत्व में गड़बड़ एकादश ने उपविजेता की ट्राफी जीती। शतरंज में विवेकानंद राय को प्रथम, भूषण सालवे को द्वितीय तथा दीपक सालवे को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बैडमिंटन में सुधीर ठाकुर को प्रथम तथा वैभव सुशील को द्वितीय पुरस्कार मिला। फुटबॉल में कुलपति एकादश विजेता तथा कुलसचिव एकादश उपविजेता रही। इस वर्ष का स्पोर्ट पर्सन ऑफ द इयर का पुरस्कार आशीष, दयाशंकर और नेहा बलवीर को प्राप्त हुआ। शिक्षा

विद्यापीठ को अधिक पुरस्कार जितने के कारण सर्वश्रेष्ठ संकाय के रूप में सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों की इतने बड़े आयोजन के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर अधिष्ठाता, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य,अधिकारी, कर्मी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।